दुर्लभ एवं लुप्तप्राय वृक्ष प्रजातियों का वृक्षारोपण (04/07/2025)

जबलपुर, 4 जुलाई, 2025 - वन महोत्सव-2025 के अवसर पर आज भा.वा.अ.शि.प. - उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान, जबलपुर में दुर्लभ, लुप्तप्राय और संकटग्रस्त प्रजातियों के वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्रीय विद्यालय - उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान के सामने स्थित दुर्लभ एवं लुप्तप्राय वृक्ष प्रजाति उद्यान में आयोजित इस कार्यक्रम में कुल 11 आर.ई.टी. प्रजातियों के पौधे रोपे गए। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष वन महोत्सव-2024 के दौरान इसी दुर्लभ एवं लुप्तप्राय वृक्ष प्रजाति पार्क में कुल 35 प्रजातियाँ लगाई गई थीं। अब इन 11 और प्रजातियों के जुड़ने से कुल 46 प्रजातियों का संरक्षण किया जा रहा है।

संस्थान के निदेशक डॉ. एच.एस. गिनवाल ने आनुवांशिकी एवं वृक्ष सुधार प्रभाग के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह दुर्लभ एवं लुप्तप्राय वृक्ष प्रजाति उद्यान छात्रों और आगंतुकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण का केंद्र बनेगा, साथ ही यह क्षेत्रीय स्तर पर संकटग्रस्त प्रजातियों के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। संस्थान का लक्ष्य इन दुर्लभ प्रजातियों को संरक्षित कर भविष्य की पीढ़ियों के लिए एक हरा-भरा और स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करना है। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम के आयोजन में प्रभागाध्यक्ष डॉ. नसीर मोहम्मद के नेतृत्व में सम्पूर्ण आनुवांशिकी एवं वृक्ष सुधार प्रभाग ने सक्रिय भूमिका निभाई।

वन महोत्सव
पर्यावरण संरक्षण

वन महोत्सव 2025